---

**प्रेस विज्ञप्ति / Press Release** **अगस्त / August 26, 2021**

---

# सिडबी ने सिडबी क्लस्टर डेवलपमेंट फंड के तहत तमिलनाडु सरकार को पहली मंजूरी प्रदान की

# SIDBI provides first approval to Government of Tamil Nadu under SIDBI Cluster Development Fund

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के प्रचार, वित्तपोषण और विकास में संलग्न प्रमुख वित्तीय संस्थान, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) ने आज तमिलनाडु विधानसभा में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में तमिलनाडु सरकार को सिडबी क्लस्टर डेवलपमेंट फंड (एससीडीएफ) के तहत पहली मंजूरी प्रदान की है।

Small Industries Development Bank of India (SIDBI), the principal financial institution engaged in the promotion, financing and development of Micro, Small and Medium Enterprises (MSMEs) has provided the first approval under SIDBI Cluster Development Fund (SCDF) to Government of Tamil Nadu in a special event held at the Tamil Nadu Assembly today.

सैद्धांतिक अनुमोदन पत्र श्री सिवसुब्रमणियन रमण, आईए एंड एएस, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, सिडबी द्वारा श्री एम. के. स्टालिन, तमिलनाडु के माननीय मुख्यमंत्री, डॉ पलानीवेल थियागा राजन, वित्त मंत्री, श्री थंगम थेन्नारासु, उद्योग मंत्री, श्री टी.एम. अनबरासन, ग्रामीण उद्योग मंत्री, श्री वी. इराई अंबू, आईएएस, मुख्य सचिव, श्री एस. कृष्णन, आईएएस, वित्त सचिव, श्री एन. मुरुगनंदम, आईएएस, प्रमुख सचिव - उद्योग, श्री वी. अरुण रॉय, आईएएस, एमएसएमई सचिव की गरिमामयी उपस्थिति में सौंपा गया। इस अवसर पर श्रीमती चित्रा के.आलै, मुख्य महाप्रबंधक, सिडबी, डॉ. आर.के. सिंह, मुख्य महाप्रबंधक, सिडबी और श्री रवींद्रन ए. लक्ष्मणन, महाप्रबंधक और क्षेत्रीय प्रमुख, सिडबी, चेन्नई की भी उपस्थिति रही।

The in-principle approval letter was handed over by Shri Sivasubramanian Ramann, IA&AS, Chairman and Managing Director, SIDBI in the presence of Shri M. K. Stalin, Hon'ble Chief

Minister of Tamil Nadu, Dr. Palanivel Thiaga Rajan, Minister for Finance, Shri Thangam Thennarasu, Minister for Industries, Shri T. M. Anbarasan, Minister for Rural Industries, Shri V. Irai Anbu, IAS, Chief Secretary, Shri S. Krishnan, IAS, Finance Secretary, Shri N. Muruganandam, IAS, Principal Secretary - Industries, Shri V. Arun Roy, IAS, MSME Secretary, Smt. Chitra K. Alai, Chief General Manager, SIDBI and Dr. R. K. Singh, Chief General Manager, SIDBI.

सिडबी द्वारा एससीडीएफ के अंतर्गत राज्य सरकार को मौजूदा विभिन्न क्लस्टर के उन्नयन और तमिलनाडु राज्य में नई औद्योगिक मूलभूत ढांचे से संबंधित सुविधाओं के विकास के लिए परियोजना-विशेष पर केंद्रित नम्य /लचीली लागत की ऋण सहायता प्रदान की जाएगी।

The project specific moderately priced loan assistance under SCDF will be extended by SIDBI to State Government for upgrading various existing MSME clusters and for developing new industrial infrastructural facilities in the State of Tamil Nadu.

सिडबी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक श्री सिवसुब्रमणियन रमण, आईए एंड एएस ने कहा, "उन क्षेत्रों / उप-क्षेत्रों में क्लस्टर पर जोर दिया जाएगा जो राज्य में एमएसएमई को सीधे लाभ पहुंचा सकते हैं और उन्हें 'नेक्स्ट' के स्तर पर ला सकते हैं, जिससे वे जीवंत रूप में उभरें, मूल्य श्रृंखला पर उच्च स्थिति प्राप्त करें और  आत्मसमर्थित बनें। सिडबी द्वारा इन समर्थित क्लस्टरों में चैनलाइज़ किए जा रहे अनुकूलित प्रत्यक्ष ऋण उत्पाद इसमें संपूरक होंगे, जो अन्य संस्थानों द्वारा अपनाए और दोहराए जाने के लिए एक दृष्टांत बनेगा। जरूरत के आधार पर सिडबी प्रौद्योगिकी, कौशलीकरण/कौशल-उन्नयन, ऊर्जा दक्षता, बाजार और क्रेडिट कनेक्ट से संबंधित चुनिंदा समूहों में सॉफ्ट इंफ्रास्ट्रक्चर मुद्दों का समर्थन करने की अपेक्षा की जांच भी करेगा। अंबत्तूर चमड़ा क्लस्टर में एक प्रायोगिक परियोजना का शुभारंभ किया गया है।

Shri Sivasubramanian Ramann, IA&AS, Chairman and Managing Director of SIDBI said, "The thrust shall be laid on clusters in sectors/subsectors which can directly benefit the MSMEs in the state and to bring them to a level 'NEXT' wherein they emerge vibrant, higher on the value chain and become sustainable. SIDBI shall complement these with its customized direct lending products being channelized in the supported clusters, setting an example for other institutions to adopt and replicate. On need basis SIDBI shall also examine supporting the soft infrastructure issues in select clusters relating to technology, skilling/upskilling, energy efficiency, market and credit connect. A pilot has been launched in Ambattur leather cluster."

श्री यूके सिन्हा की अध्यक्षता में एमएसएमई पर विशेषज्ञ समिति ने एमएसएमई विकास और प्रोत्साहन के लिए राज्य सरकारों के साथ सिडबी के अधिक संकेंद्रित जुड़ाव की सिफारिश की

है, जिसमें उद्योग क्लस्टरों में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए राज्य सरकारों को कम लागत पर ऋण उपलब्ध कराने के लिए प्राथमिकता क्षेत्र की कमी (पीएसएस) फंड का उपयोग शामिल है। तदनुसार, सिडबी ने 11 राज्यों - असम, आंध्र प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और तमिलनाडु में परियोजना प्रबंधन इकाइयों (पीएमयू) की स्थापना की है। इन परियोजना प्रबंधन इकाइयों ने सिडबी और राज्य सरकारों के साथ समन्वय में न्वोन्मेषी वाउचर कार्यक्रम योजना, न्यू उद्यमी सह उद्यम विकास योजना, पीएमयू राज्यों में उद्यमिता के लिए प्रवासी मजदूरों के विकल्पों की तेजी से प्रोफाइलिंग आदि पर नीतिगत/ योजनापरक सुझाव दिए हैं।

The expert committee on MSMEs headed by Shri U.K. Sinha has recommended a more focused engagement of SIDBI with State Governments for MSME development and promotion including use of Priority Sector Shortfall (PSS) funds to create a low-cost lending window for State Governments for infrastructure projects in clusters. Accordingly, SIDBI has set up Project Management Units (PMUs) in 11 states namely, Assam, Andhra Pradesh, Rajasthan, Gujrat, Haryana, Maharashtra, Delhi, Uttar Pradesh, Uttarakhand and Tamil Nadu., The PMUs in co-ordination with SIDBI and State Governments has given policy/scheme inputs on Innovation Voucher Programme scheme, New Entrepreneur cum Enterprise Development Scheme, undertaken rapid profiling of migrant labors options for entrepreneurship in PMU States etc.

एससीडीएफ की स्थापना भारतीय रिजर्व बैंक के सहयोग से उद्योग क्लस्टरों में अखिल भारतीय स्तर पर जमीनी बुनियादी सुविधाओं की सहायता के लिए की गई है। कृषि के अलावा अन्य क्षेत्रों में एमएसएमई के बुनियादी ढांचे की स्थापना, उन्नयन और नवीनीकरण का समर्थन करने के लिए इस निधि की परिकल्पना की गई है। इन प्रमुख क्षेत्रों में एमएसएमई इको-स्पेस में औद्योगिक और कृषि-संबद्ध क्षेत्र, एमएसएमई क्लस्टरों में और उनके आसपास के सामाजिक क्षेत्र की परियोजनाएं और एमएसएमई क्लस्टरों के बीच संपर्क-मार्ग शामिल हैं।

SCDF has been setup with support of RBI to support the hard infrastructure facilities in clusters pan India. The fund is envisaged to support setting up, upgrading and renovation of MSME infrastructure in areas other than agriculture. The major sectors include industrial and agri-allied sectors in the MSME eco-space, social sector projects in and around MSME clusters and connectivity to MSME Clusters.

**सिड्बी के बारे में:** 1990 में अपने गठन के बाद से सिडबी अपने एकीकृत, अभिनव और समावेशी दृष्टिकोण के माध्यम से समाज के विभिन्न स्तरों पर नागरिकों के जीवन को प्रभावित कर रहा है। सिडबी

ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से विभिन्न ऋण और विकासात्मक उपायों के माध्यम से सूक्ष्म और लघु उद्यमियों (एमएसई) के जीवन को छुआ है, चाहे ये पारंपरिक व घरेलू छोटे उद्यमी हों; उद्यमिता पिरामिड के निम्नतम स्तर के उद्यमी हों अथवा उच्चतम स्तर के ज्ञान-आधारित उद्यमी हों। सिडबी 2.0 अपने साथ समावेशी, अभिनव और प्रभाव-उन्मुख संबद्धताओं की दृष्टि को लेकर चल रहा है।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट https://www.sidbi.in पर जाएँ।

**About SIDBI:** Since its formation in 1990, SIDBI has been impacting the lives of citizens across various strata of the society through its integrated, innovative and inclusive approach. Be it traditional, domestic small entrepreneurs, bottom-of-the-pyramid entrepreneurs, to high-end knowledge-based entrepreneurs, SIDBI has directly or indirectly touched the lives of Micro and Small Enterprises (MSEs) through various credit and developmental engagements. SIDBI 2.0 carries the vision of inclusive, innovative and impact-oriented engagements.

To know more, check out: https://www.sidbi.in